प्रेषक— मुख्य शिक्षा अधिकारी
जनपद—उत्तरकाशी।

प्रेषितः 1) समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
जनपद—उत्तरकाशी।
2) समस्त उप शिक्षा अधिकारी
जनपद—उत्तरकाशी।

पत्रांक : /विविध/ 1278-79 /बी०एड० प्रशिक्षण/2023—24 26 दिनांकः 26—06—2023

विषयः—बी०एड० शिक्षा सत्र 2021—23 द्वित्तीय वर्ष हेतु School Internship के संबंध में।

उपर्युक्त विषयक निदेशक/प्राचार्य, पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी के पत्रांकः/123/SSPS/B.Ed./School Internship/2023-24 दिनांकः 26—06—2023 के क्रम में अवगत कराना है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उपरोक्त संस्थान के बी०एड० सत्र 2021—23 द्वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों की दिनांकः 03—07—2023 से School Internship सम्पन्न किया जाना प्रस्तावित है, एन०सी०टी०ई० (शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) रेगुलेशन 2014 के अनुपालन में बी०एड० द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को 16 सप्ताहों की (अवकाश के दिनों को छोड़कर) School Internship जनपद के उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में सम्पन्न किया जाना है।

उक्त के अनुपालन में निदेशक पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी द्वारा बी०एड० द्वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को जनपद उत्तरकाशी में अवस्थित उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में School Internship सम्पन्न करने की अनुमति चाही गई है।

उक्त के क्रम में आपको अवगत कराया जाता है कि बी०एड० द्वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अपने क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों को छात्र अध्यापक/अध्यापिकाओं का कक्षा शिक्षण की अनुमति/अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देश जारी करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तरकाशी।

पृ0 सं0/विविध/ — / बी०एड० प्रशिक्षण/2023—24 दिनांकः उक्तवत्।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1) निदेशक/प्राचार्य पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी को उनके पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2) समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या रा0 इ0 कॉ0/ रा0 उ0 मा0 वि0/ रा0 उ0 प्रा0 वि0 (बालक/बालिका) जनपद उत्तरकाशी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तरकाशी।